शिक्षक दिवस पर विशेष

25 वर्ष से ग्रामीण क्षेत्रों में नि : शुल्क पढ़ा रहें हैं शिक्षक भारती

दस वर्षों से सिविल सर्विसेज की नि :शुल्क कोचिंग का कर रहे संचालन

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 04 सितम्बर। जिले के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक परीक्षित भारती लगभग 25 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों के दसवीं फेल छात्र छात्राओं को नि:शुल्क पढ़ाकर उन्हें विकास की मुख्य धारा में शामिल कर रहें हैं, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए दसवीं उत्तीर्ण करना बहुत कठिन होता है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बच्चों की गणित, अंग्रेजी, विज्ञान बहुत कमजोर होती है। अगर ग्रामीण क्षेत्र का बच्चा दसवीं फेल हो जाता है, तो पढ़ाई छोड़ देता है। इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से दसवीं की नि:शुल्क कोचिंग

क्लासेस अपने घर पर ही वर्ष 2001 में शुरू की गई है और आज भी संचालित करते आ रहे हैं। इस काम में भागीदार सुभाष मानवता विकास समिति और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति को भी नि:शुल्क अकादमिक सहयोग देकर सेवा कर रहे हैं।

परीक्षित भारती द्वारा श्योपुर जिले में तत्कालीन कलेक्टर पन्नालाल सोलंकी के द्वारा 10 अप्रैल 2016 को पीजी कालेज श्योपुर में शुरू की गई यूपीएससी एवं एमपीपीएससी नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का बेहतरीन संचालन नोडल अधिकारी एवं शिक्षक के रूप में किया है। फिर कालेज प्रबंधन के असहयोग के कारण यह कोचिंग खटीक समाज के सामुदायिक भवन पर सिफ्ट कर दी गई और वहां पर नियमित संचालित करते रहे हैं और परीक्षित भारती के प्रयासों से तत्कालीन मुरैना-श्योपुर के सांसद अनूप मिश्रा द्वारा दो लाख रुपए की राशि भी श्योपुर के युवाओं हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रदान की गई है। जिसमें एक लाख पचास हजार रुपए का फर्नीचर तथा पचास हजार रुपए की किताबें जिला प्रशासन द्वारा गठित क्रय समिति द्वारा सामग्री क्रय कर परीक्षित भारती और इनके शिक्षक दल को सुपुर्द की गई है, जो खटीक समाज के सामुदायिक भवन पर सुरक्षित रखी हुई है और युवा इस लाइब्रेरी की सुविधा से लाभ ले रहे हैं।

इन 10 जिलों में भी चला रहे नि :शुल्क कोचिंग

परीक्षित भारती के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए नि:शुल्क समर्पण से उत्साहित होकर सीहोर, सतना, गुना, टीकमगढ़, ग्वालियर, जबलपुर, बालाघाट, सीधी और भोपाल में भी जिला प्रशासन द्वारा सिविल सर्विसेज की नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस संचालित की जा रही है। जिनमें अकादमिक सहयोग इनके द्वारा नि:शुल्क दिया जा रहा है। परीक्षित भारती ने अपने पदीय दायित्व के साथ साथ नि:शुल्क कोचिंग सुविधा देकर अन्य शिक्षकों और छात्र छात्राओं के लिए मिसाल कायम की है। जिसकी चर्चा दूर-दूर तक होने लगी है।

समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शव वाहन, सड़क पर झाड़ियाँ, आश्रम मुआवजा और पंचायत भवन भूमि आवंटन की मांग उठाई

नवभारत न्यूज

विजयपुर, 04 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष विजयपुर शुभम मुद्गल ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ गुरुवार को विजयपुर तहसील पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अभिषेक मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की विभिन्न गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से चार मुद्दों को तत्काल समाधान हेतु रखा गया— विजयपुर क्षेत्र के लिए शव वाहन की आवश्यकता - मंडल अध्यक्ष ने कहा कि शव वाहन की अनुपलब्धता के कारण आमजन को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भैंसाई से बांगरौद रोड पर झाड़ियों का कटाव - यह मार्ग सीएम राइज स्कूल से होकर गुजरता है, जहां रोजाना बच्चों व ग्रामीणों का आवागमन होता है। हाल ही में इसी सड़क पर दो जनों की मृत्यु हो चुकी है। झाड़ियों के घनेपन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए तत्काल झाड़ियाँ कटवाने की मांग की गई। संत कबीर आश्रम, इकलौद से जुड़े मुआवजे का मुद्दा - ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इसका शीघ्र निराकरण करने की अपेक्षा की गई। पंचायत भवन, मैदावली हेतु भूमि आवंटन - ग्राम पंचायत को भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। शुभम मुद्गल ने कहा कि उपरोक्त समस्याएँ लंबे समय से लंबित हैं, जिनका जल्द समाधान आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन इस दिशा में शीघ्र कदम उठाएगा। इस मौके पर मंडल पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

अनुविभागीय अधिकारियों ने सुनी जन समस्याएं

मुख्य रूप से निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई - विजयपुर हेतु शव वाहन की आवश्यकता, भैंसाई रोड पर झाड़ियों के कटाव की समस्या, संत कबीर आश्रम, इकलौद के मुआवजे संबंधी मुद्दा, पंचायत भवन, मैदावली हेतु भूमि आवंटन।

नवभारत न्यूज

विजयपुर,04 सितम्बर। आज विजयपुर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडल के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर अनुविभागीय अधिकारी महोदय, विजयपुर को अवगत कराया।

इन सभी विषयों पर शीघ्र समाधान की अपेक्षा की गई।

शुभम् मुद्गल
भाजपा मंडल अध्यक्ष, विजयपुर

डायल 112 सेवा का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ

नवभारत न्यूज

श्योपुर,04सितम्बर। जिले में कानून-व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए गुरूवार को शाम 4 बजे पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने एसपी ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर डायल-112 की 11 नई गाड़ियों को रवाना किया। ये गाड़ियां जिले के थानों और चौकियों में तुरंत मदद के लिए तैनात रहेंगी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर एडी. एसपी प्रवीण भूरिया, डीएसपी पीएन गोयल, रक्षित निरीक्षण अखिलेश शर्मा सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एसपी वीरेन्द्र जैन ने कहा कि डायल-112 सेवा मध्य प्रदेश पुलिस की अहम और आधुनिक पहल है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को इमरजेंसी में तत्काल

सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस सेवा से पुलिस, एम्बुलेंस और फायर सर्विस जैसी आपातकालीन सेवाएं एक ही नंबर पर प्राप्त होंगी, जिससे लोगों को अलग-अलग नंबर तलाशने की परेशानी नहीं होगी। इन वाहनों को मॉडर्न तकनीक से लैस किया गया है। इनमें जीपीएस, वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। लोकेशन-बेस्ड सिस्टम के जरिए मदद की गुणवत्ता और बेहतर होगी। इसके अलावा रियल-टाइम डेटा एनालिटिक्स और आधुनिक तकनीकों का भी अपयोग किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि डायल-112 वाहनों के जरिए जिले में अपराधों पर शीघ्र नियंत्रण, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने में मदद मिलेगी।

महिला ने पाली पुल से चम्बल नदी में लगाई छलांग, सकुशल बाहर निकाला

घंटे भर के रेस्क्यू ऑपरेशन में सकुशल बाहर निकाली महिला

नवभारत न्यूज

श्योपुर,04सितम्बर। जिले के चम्बल पाली पुल से एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते गुरूवार को दोपहर 3 बजे अचानक छलांग लगा दी, जिसके बाद मौके पर हडकंप मच गया और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई जिसके मौके पर एसडीआरएफ की टीम एवं ग्रामीणों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। करीब घंटे भर के रेस्क्यू

ऑपरेशन में करीब दो किमी दूर चम्बल नदी से महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गुरुनावदा निवासी 20 वर्षीय निशा पत्नी सतीश जाट ने अज्ञात कारणों के चलते सामरसा चम्बल पाली पुल पर से नदी में छलांग लगा दी, जिसे वहां से गूजर रहे लोगो ने देख लिया, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और बचाव कार्य शुरू किया गया। इस दौरान मौके पर मानपुर थाना प्रभारी पप्पू सिंह यादव भी पहुंच गये जिन्होंने पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीम को रेस्क्यू ऑपरेशन में बोट के माध्यम से तलाश शुरू करवाई। सर्चिंग ऑपरेशन लगभग एक घंटे तक चला जिसमें सूचना मिली कि करीब दो किमी दूर अनियारा घाट के पास महिला को सकुशल खोज लिया गया है जिसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया हैं, जिसे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सवाई माधोपुर अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया। इस मामले में मानपुर थाना प्रभारी पप्पू सिंह यादव का कहना है कि फिलहाल महिला के चम्बल नदी में छलांग लगाने के कारणो का पता नहीं चल सका हैं लेकिन विवेचना शुरू कर दी गई हैं।

जिले में 19 .40 मिली मीटर औसत बारिश दर्ज

श्योपुर । श्योपुर जिले में 04 सितंबर को 19.40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 04 सितंबर को श्योपुर में 37, बडौदा में 39, कराहल में 10, विजयपुर में 10 एवं वीरपुर में 1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1441.46 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 1072.08 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

बोहरा समाज ने धूमधाम से मनाया पेगम्बर साहब का जन्मदिवस

शहर में निकला जुलूस, एक समान परिधान में नहर आये समाजबंधु

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 04सितम्बर। दाउदी बोहरा समाज ने गुरूवार को सुबह 10 बजे पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर बोहरा मस्जिद वार्ड क्रमांक 3 से जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी

संख्या में समुदाय के लोग शामिल हुए। जुलूस छारबाग, टीला मोहल्ला, गर्ल्स स्कूल, किला रोड, सुबात चौराहा, गांधी पार्क, जय स्तंभ, मेन बाजार और बोहरा बाजार से होता हुआ पुन: मस्जिद पर पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे रास्ते पर समुदाय के लोगों ने जुलूस का स्वागत किया और घरों-दुकानों पर सजावट की गई। जुलूस का सबसे बड़ा आकर्षण बुरहानी बैंड, ऊंट और घोड़े रहे, जिन्होंने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी पारंपरिक परिधान में शामिल हुए और खुशी का इजहार किया। स्काउट दल सबसे आगे रहकर जुलूस का संचालन करता रहा, जिससे पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था बनी रही। बोहरा समाज के प्रवक्ता सिराज दाऊदी ने बताया की इस दौरान समाज के धर्मगुरुओं ने अमन-चौन, भाईचारे और इंसानियत के संदेश दिए। उन्होंने कहा कि पैगंबर की शिक्षाएं हमें प्रेम, सद्भाव और शांति के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती हैं। ईद मिलादुन्नबी के इस अवसर पर श्योपुर शहर रौनक से सराबोर नजर आया। जगह-जगह आकर्षक सजावट से गलियां जगमगाती रहीं। बोहरा समुदाय का यह जुलूस न सिर्फ धार्मिक उत्सव रहा, बल्कि आपसी सौहार्द और एकता का प्रतीक भी बना।

कौशल शर्मा के पुत्र अमित शर्मा के असमायिक निधन पर सेंवढा विधायक ने जताया शोक

इंदरगढ़। ग्राम पहाड़ी रावत पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की एवं पीड़ित परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल के साथ डी एस यादव, अमज़द खान, सतीश पचौरी, राम मिलन सिंह कमरिया , प्रभात श्रीवास्तव के अलावा वीरेन्द्र शर्मा, राम लखन शर्मा, बंटी जाट, राम भूषण शर्मा, सत्यम शर्मा, अमर सिंह धाकड़, सोनू शर्मा एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे ।अरविन्द श्रीवास्तव की बड़े भाई व प्रदीप एवं अमित श्रीवास्तव के पिता राजकुमार श्रीवास्तव के असमायिक निधन पर सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल पार्टी कार्यकर्ता राम मिलन सिंह कमरिया तथा निज सहायक प्रभात श्रीवास्तव ने उनके निवास ग्राम बहेरा पहुँच कर शोक संवेदना व्यक्त की एवं पीड़ित परिवार को दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की

कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ईद मिलाद उन नबी के त्यौहार को शांति एवं सद्भावपूर्वक मनाए जाने के क्रम में कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रूपेश उपाध्याय संपूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा संपूर्ण अनुभाग श्योपुर के प्रभारी रहेंगे तथा आवश्यकतानुसार अधीनस्थ की ड्यूटी लगा सकेंगे। इसी प्रकार एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा संपूर्ण अनुभाग विजयपुर के तथा एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव संपूर्ण अनुभाग कराहल के प्रभारी रहेंगे। तहसीलदार श्योपुर मनीषा मिश्रा 5 सितंबर को श्योपुर में ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर करबला रोड से शुरू होने वाले जूलुस के साथ रहेंगी। नायब तहसीलदार कुलदीप बोहरे ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर किले से निकाले जाने वाले जूलुस के साथ रहेंगे। नायब तहसीलदार टीएस लकडा गांधी नगर क्षेत्र से निकलने वाले जूलुस के साथ मौजूद रहेंगे। तहसीलदार अमिता सिंह तोमर कानून व्यवस्था हेतु संपूर्ण क्षेत्र विजयपुर की प्रभारी होगी। तहसीलदार कराहल रोशनी शेख संपूर्ण तहसील क्षेत्र कराहल, तहसीलदार वीरपुर नरेश रायपुरिया संपूर्ण तहसील क्षेत्र वीरपुर तथा नायब तहसीलदार सुरेश राठौर संपूर्ण तहसील क्षेत्र बडौदा के प्रभारी होंगे। नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह सेंगर को वृत मानपुर एवं प्रेमसर का दायित्व सौपा गया है।

राजीनामा कराने पहुंची पत्नी ने पति को चप्पल से पीटा

नवभारत न्यूज

श्योपुर,04सितम्बर। विजयपुर जनपद पंचायत के पास गुरुवार को दहेज प्रताड़ना मामले में राजीनामा करने आए पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों के लोगों को अलग कराया। यह मामला पिंकी कुशवाह और भारती कुशवाह का है। दोनों की शादी 3-4 साल पहले हुई थी। भारती ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करा रखा है, जो कोर्ट में विचाराधीन है। भारती का कहना है कि उसके पति और परिजन दहेज एक्ट के मामले में राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। साथ ही बच्चे को सौंपने की मांग कर रहे थे। इसी बात पर विवाद शुरू हुआ। विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पत्नी ने दर्ज कराया है केस विजयपुर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पिंकी ने पत्नी भारती, ससुर शिवसिंह और भरत कुशवाह पर केस किया है। भारती ने पति पिंकी, ससुर महेश, जीजा नरेश और भाई चीमा कुशवाह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का वीडियो अब सामने आया है।

किशोरी को बरामद करने पर परिजनों ने किया एसपी का सम्मान

श्योपुर। शहर के मठेपुरा गांव से बीते दिनों लापता हुई किशोरी को पुलिस ने चार दिन बाद ही उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया था। अपनी बेटी के सकुशल मिलने पर गुरूवार को परिजनों ने एसपी आफिस पहुंचकर एसपी वीरेंद्र जैन व पुलिस टीम का माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। किशोरी के पिता दुलीचंद माहौर ने बताया कि 26 अगस्त को मठेपुरा गांव से नाबालिग बेटी को उसकी इंस्टाग्राम फ्रेंड मुस्कान घर से बहला-फुसलाकर ले गई थी। पुलिस ने किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज कर मामले को गंभीरता को लेते हुए लेते हुए बालिका को मिर्जापुर उत्तरप्रदेश से सकुशल बरामद करने में सफलता हांसिल की है। परिजनों ने बताया कि जब तक बेटी नही मिली तब तक घर के सब लोग परेशान हो रहे थे। लेकिन एसपी साहब ने मामले में गंभीरता से लेकर हमारी बेटी सकुशल हम तक पहुंचाया है।

मुक्तिनाद नगर में कपड़ा व्यापारी के घर चोरी की वारदात का खुलासा

दो शातिर बदमाश गिरफ्तार, पुलिस को मिली सफलता

नवभारत न्यूज

श्योपुर,04सितम्बर। शहर की मुक्तिनाद नगर में कपड़ा व्यापारी के घर बीते माह 24 अगस्त को हुई चोरी की वारदात का गुरूवार को दोपहर 2 बजे कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया, जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 60 हजार रूपये भी बरामद कर लिये हैं। पडौस में रहने वाले फरियादी से पुराने विवाद का बदला लेने के लिए आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। मामले का खुलासा करने पर एसपी वीरेन्द्र जैन ने कोतवाली पुलिस की सराहनी की है।

पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बताया कि कोतवाली थानाक्षेत्र के अंतर्गत मुक्तिनाद नगर में रहने वाले कपड़ा व्यापारी रामनरेश पुत्र रामतरन वैष्णव के घर पर बीते माह 24 अगस्त को संदेही आरोपी वीरू मीणा के खिलाफ घर में रखे 80 हजार रूपये ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, मामले के खुलासे को लेकर एडी.एसपी प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राजीव गुप्ता की मॉनिटरिंग में कोतवाली टीआई सतीश चौहान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जिसने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र एवं सायबर सेल की मदद से संदिग्ध आरोपी वीरू मीणा उम्र 19 साल नि. रूपपुरा थाना सपोटरा जिला करोली राजस्थान को गिरफ्तार किया, जिसने पूछताछ में अपने एक साथी रिंकू पुत्र शिवदयाल खटीक के साथ मिलकर फरियादी रामनरेश वैष्णव के घर चोरी की वारदात को कबूल कर लिया, जिसने बताया कि उसका रामनरेश से पूर्व में पडौस में रहने के दौरान विवाद हुआ था, जिसका बदला लेने के लिए उसने यह घटना की हैं। पुलिस ने मामले में आरोपियो के कब्जे से 60 हजार रूपये बरामद कर लिये हैं। पुलिस को मिली इस सफलता में निरी. सतीश सिंह चौहान, उनि प्रदीप तोमर, सउनि शीतेन्द्र सिंह, आर अरूण शर्मा (रघुनाथपुर), आर देवेन्द्र गुर्जर, मआर. रिषिका शर्मा आर. चालक अरमान खान सहित साइबर सेल की अहम भूमिका रही।

आम सूचना

श्री योगेन्द्र वैष्णव पुत्र श्री महावीर वैष्णव एवं श्रीमती पूजा वैष्णव पत्नी श्री योगेन्द्र वैष्णव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड क्र .117 पर निर्मित भवन, स्थित ग्राम अजापुरा, प.ह.नं.63, तहसील एवं जिला श्योपुर (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र .139 ग्राम अजापुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में रास्ता, पश्चिम में इन्द्र नगर का बाड़ा, उत्तर में भवन श्री ओमप्रकाश वैष्णव एवं दक्षिण में-भवन श्री लक्ष्मीनारायण वैष्णव है। उक्त सम्पति पूर्व में श्री योगेन्द्र वैष्णव पुत्र श्री महावीर वैष्णव के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री योगेन्द्र वैष्णव पुत्र श्री महावीर वैष्णव द्वारा उक्त सम्पति के सम्बन्ध में श्रीमती पूजा वैष्णव पत्नी श्री योगेन्द्र वैष्णव के पक्ष में ई-रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख क्र. एमपी 26आईजीआर 18592025ए100674498 दिनांक 01.08.2025 को सम्पादित किया गया था। उक्त सम्पति से सम्बन्धित वर्ष 2025 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री योगेन्द्र वैष्णव एवं श्रीमती पूजा वैष्णव द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर अथवा पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र .52, कैलाश विहार,
फेडरल बैंक के पास,सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.) मो.नं. 98276-72710

थाना भगुवापुरा पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

इंदरगढ़। पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में आरोपियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार शिवहरे तथा एसडीओपी सेवढ़ा श्री अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भगुवापुरा एवं पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण को फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने एवं अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट थाना भगुवापुरा में दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए धारा 137(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही फरियादी की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी भगुवापुरा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर त्वरित कार्यवाही की गई। वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर अनुसंधान करते हुए पुलिस ने नाबालिग बालिका को दस्तयाव किया। दौराने विवेचना, नाबालिग बालिका के कथनों में दुष्कर्म की घटना घटित होना पाया गया। जिस पर प्रकरण में दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया गया। थाना प्रभारी भगुवापुरा श्री शाकिर अली खान एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपियों-1.राजवेन्द्र उर्फ कल्ली जाटव पुत्र लक्ष्मन 2.रामवरन बघेल पुत्र जगदीश, निवासीगण दोहर को चरोखरा रोड से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में जेआर पर पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल दाखिल किया गया। सराहनीय भूमिका उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी भगुवापुरा उनि शाकिर अली खान, सउनि कोकसिंह रावत, प्र.आर. रवि दुबे, आरक्षक हरिमोहन कुशवाह, आरक्षक दिलीप, आरक्षक संदीप राजावत, आरक्षक संजय राठौर, आरक्षक सतीश रावत, सैनिक संतोष, सैनिक कालीचरण, सैनिक रामरतन, थाना भगुवापुरा के आरक्षक शैलेन्द्र, आरक्षक ईशूराज सोलंकी, आरक्षक निजामुद्दीन खाँन (थाना डीपार) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हवाई फायर के आरोपियों को किया गिरफ्तार: पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे एवं एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डीपार एवं उनकी टीम द्वारा मारपीट एवं हवाई फायर कर अपहरण करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

इच्छा शक्ति एवं संकल्प मजबूत होने पर ही सपने साकार होते हैं : डॉ. संगीता कटारे

संघर्ष और विद्वता की दम पर शिक्षा क्षेत्र के शीर्ष तक पहुंची वाल्मीकि महिला

शिक्षक केवल शिक्षा ज्ञान ही नहीं देते, व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण एवं सामाजिक मानवीय मूल्यों का ज्ञान भी देते हैं। समाज में नवीन परिवर्तन ही शिक्षक ही लाते हैं। यह कहना है ग्वालियर की सुप्रतिष्ठित शिक्षाविद डॉक्टर संगीता कटारे वाल्मीकि का। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. संगीता कटारे ने एक शिक्षक के रूप में शिक्षादान के अनुभवों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों की कार्यपरिषद में कार्य करते हुए शिक्षक एवं शिष्य के संबंधों की मधुरता, आत्मीयता के साथ ही व्यावहारिक उतार चढ़ाव पर भी खुलकर चर्चा की। डॉ. संगीता कटारे वर्तमान में जीवाजी विश्वविद्यालय हिंदी भाषा अध्ययनशाला केंद्र में विगत 12 वर्षों से एमए के विद्यार्थियों को अतिथि विद्वान के रूप में शिक्षादान कर रही हैं। डॉ. संगीता कटारे ने एक शिक्षक के रूप में सेवाएं देते हुए कई अनूठे रिकॉर्ड रचे हैं। संपूर्ण जीवाजी विश्वविद्यालय और ग्वालियर संभाग में वे वाल्मीकि समाज की एकमात्र प्रथम महिला हैं, जिन्होंने पीएचडी किया और वंचित वर्ग माने जाने वाले वाल्मीकि समाज की वे पहली महिला हैं, जिन्हें मध्यप्रदेश की किसी यूनिवर्सिटी में कार्यपरिषद सदस्य का दायित्व मिला। वे पहले जीवाजी विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद सदस्य रहीं और वर्तमान में प्रदेश के सबसे बड़े तकनीकी विश्वविद्यालय राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल की कार्यपरिषद सदस्य के रूप में कार्य कर रही हैं। वाल्मीकि समाज से डॉ. संगीता कटारे प्रथम महिला हैं, जो जीवाजी विश्वविद्यालय में अतिथि विद्वान सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्य कर रही हैं। वे कहती हैं कि सिर्फ सपना देखने या सोच लेने भर से उपलब्धियां हासिल नहीं होती बल्कि इच्छा शक्ति एवं संकल्प मजबूत होने पर ही सपने साकार होते हैं। जिस यूनिवर्सिटी में ईसी मेंबर, वहीं निशुल्क पढ़ाया : एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने के चलते डॉ. संगीता कटारे (वाल्मीकि) का बचपन में लालन पालन कठिन परिस्थितियों में हुआ।

प्रारंभिक शिक्षा भोपाल में राजभवन के प्राइमरी शासकीय स्कूल में हुई। राजभवन के अंदर चतुर्थ श्रेणी की कर्मचारी माता होने के कारण संपूर्ण बचपन राजभवन के अंदर ही बीता।

एमए हिंदी भोपाल के सरोजिनी नायडू महाविद्यालय से किया। बचपन से ही उनका सपना एक शिक्षक बनने का था। समाजसेवा के क्षेत्र में भी कार्य करने का सपना था। ये दोनों सपने पूर्ण हुए हैं। ग्वालियर में शादी होने के बाद ससुराल में आगे पढ़ने और सपनों को पूर्ण करने की संपूर्ण आजादी और सहयोग पति राजेश कटारे वाल्मीकि से मिला। जीवाजी विश्वविद्यालय से एमफिल कराया, फिर बीएड और पीएचडी की। विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद रहते हुए एमए के विद्यार्थियों को निशुल्क एक वर्ष पढ़ाया। बहू को पढ़ने के लिए प्रेरित करें : शिक्षक दिवस पर क्या खास कहेंगीं, उन्होंने कहा कि जो बेटियां बचपन में अपना सपना सजाती हैं, उनके सपने कई कारण से पूर्ण नहीं होते, उनकी सहायता कर उनका मार्गदर्शन करना ही जीवन का मकसद है। शिक्षक दिवस पर उन्होंने सभी का आह्वान किया कि अगर घर में पढ़ी-लिखी बहू आती है और उसकी इच्छा पढ़ने की है, तो उसे आगे पढ़ने के लिए अवश्य प्रेरित करें।